**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 5603**

**Series : SS-April/2021**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : A***

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

## भाग – II

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

- *कृपया जाँच कर लें कि **भाग–II** के इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** तथा प्रश्न **40** हैं।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने दर्शाए गए हैं।*

***निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :***

**1.** स्वर संधि के कितने भेद होते हैं ? 1

(क) तीन (ख) चार

(ग) पाँच (घ) छः

**2.** 'जगदीश' का संधि विच्छेद कीजिए : 1

(क) जगत + ईश (ख) जगत् + ईश

(ग) जगद + इश (घ) जग + दीश

**3.** सम् + कल्प में संधि कीजिए : 1

(क) समकल्प (ख) सम्कल्प

(ग) संकल्प (घ) समकलप

**4.** सही विग्रह छाँटिए : 1

'दूध-दही'

(क) दूध में दही

(ख) दूध और दही

(ग) दूध या दही

(घ) दूध है दही

**5.** 'सुन्दर है लोचन जिसके' समास का नाम बताइए : 1

(क) कर्मधारय (ख) बहुव्रीहि

(ग) द्विगु (घ) तत्पुरुष

**6.** 'लड़की आँख से कानी है।' वाक्य-शोधन कीजिए : 1

(क) लड़की कानी आँख है।

(ख) आँख कानी लड़की है।

(ग) लड़की कानी है।

(घ) कानी है जो लड़की।

**7.** 'मेरे पास केवल मात्र एक पेन है।' वाक्य-शोधन कीजिए : 1

(क) मेरे पास केवल एक पेन है।

(ख) पेन केवल मेरे पास है।

(ग) एक पेन है मेरे पास।

(घ) केवल मात्र एक पेन है।

**8.** 'रघुपति राघव राजा राम' पंक्ति में अलंकार है : 1

(क) अनुप्रास (ख) रूपक

(ग) उत्प्रेक्षा (घ) यमक

**9.** 'तीन बेर खाती थी ते तीन बेर खाती है' पंक्ति में अलंकार है : 1

(क) अनुप्रास (ख) यमक

(ग) रूपक (घ) उत्प्रेक्षा

**10.** एक ही वर्ण की एक से अधिक बार आवृति हो तो अलंकार है : 1

(क) अनुप्रास (ख) रूपक

(ग) उपमा (घ) उत्प्रेक्षा

**11.** पथ में रात हो जाने के डर से कौन जल्दी-जल्दी चलता है ? 1

(क) चिड़िया (ख) कवि

(ग) पथिक (घ) इनमें से कोई नहीं

**12.** 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में किस पर व्यंग्य किया गया है ? 1

(क) अपाहिज पर

(ख) दूरदर्शन वालों पर

(ग) दर्शक पर

(घ) व्यवस्था पर

**13.** किसके बच्चे प्रत्याशा में हैं ? 1

(क) गाय के (ख) चिड़िया के

(ग) कवि के (घ) पंथी के

**14.** 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में कवि की आत्मा कैसी हो गई है ? 1

(क) कमजोर (ख) दृढ़

(ग) संवेदनशील (घ) सक्षम

**15.** 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में कवि कहाँ लापता होना चाहता है ? 1

(क) वायु में (ख) बादलों में

(ग) आकाश में (घ) अंधेरी गुफाओं में

**16.** 'बहुत बड़ी तस्वीर' में कौन-सा अलंकार है ? 1

(क) यमक (ख) श्लेष

(ग) रूपक (घ) अनुप्रास

**17.** 'उषा' कविता के रचयिता हैं : 1

(क) गजानन माधव मुक्तिबोध

(ख) रघुवीर सहाय

(ग) सुमित्रानंदन पंत

(घ) शमशेर बहादुर सिंह

**18.** भाई के बिना प्रलाप कौन कर रहा है ? 1

(क) लक्ष्मण (ख) हनुमान

(ग) राम (घ) सेना

**19.** किसकी क्षति विशेष क्षति ***नहीं*** होती ? 1

(क) नारी की (ख) भाई की

(ग) मित्र की (घ) सेना की

**20.** कवि गजानन माधव मुक्तिबोध की गरीबी कैसी है ? 1

(क) गरबीली (ख) कष्टकारी

(ग) दयनीय (घ) सराहनीय

**21.** मीठे पानी का सोता कहाँ है ? 1

(क) दिल में (ख) दिमाग में

(ग) कल्पना में (घ) धरती पर

**22.** किस्मत किस पर रोती है ? 1

(क) स्वयं पर (ख) कवि पर

(ग) कविता पर (घ) श्रोताओं पर

**23.** परदा खोलने का तात्पर्य है : 1

(क) दरवाजा खोलना

(ख) दरवाजे से परदा हटाना

(ग) खिड़की खोलना

(घ) किसी के रहस्य को प्रकट करना

**24.** भक्तिन कहाँ की रहने वाली थी ? 1

(क) झाँसी (ख) झूँसी

(ग) झझूँसी (घ) झूझी

**25.** भक्तिन का गौना किस आयु में हुआ ? 1

(क) नौ वर्ष (ख) बारह वर्ष

(ग) दस वर्ष (घ) तेरह वर्ष

**26.** 'लछमिन' को भक्तिन नाम किसने दिया ? 1

(क) सास ने (ख) पिता ने

(ग) पति ने (घ) महादेवी वर्मा ने

**27.** जैनेन्द्र के अनुसार पैसा क्या है ? 1

(क) माया है (ख) पावर है

(ग) धोखा है (घ) हाथ की मैल है

**28.** हमें किस स्थिति में बाजार जाना चाहिए ? 1

(क) जब मन खाली हो

(ख) जब मन खाली न हो

(ग) जब मन बंद हो

(घ) जब मन में नकार हो

**29.** 'काले मेघा पानी दे' किस विधा की रचना है ? 1

(क) कहानी (ख) निबन्ध

(ग) संस्मरण (घ) रेखाचित्र

**30.** लंगोटधारी युवक किसकी जय बोलते हैं ? 1

(क) इंद्र देवता की

(ख) गंगा मैया की

(ग) बजरंग बली की

(घ) बादलों की

**31.** जन्माष्टमी पर लेखक आठ दिनों तक झांकी सजाकर क्या बाँटता था ? 1

(क) फल (ख) बतासे

(ग) पंजीरी (घ) लड्डू-मट्ठी

**32.** लुट्टन ने किसकी प्रेरणा से कुश्ती में विजय प्राप्त की ? 1

(क) राजा साहब की

(ख) गाँव के लोगों की

(ग) ढोलक की

(घ) पंचायत की

**33.** 'पहलवान की ढोलक' रचना के लेखक का नाम है ? 1

(क) महादेवी वर्मा (ख) विष्णु खरे

(ग) प्रेमचन्द (घ) फणीश्वर नाथ 'रेणु'

**34.** कहानी की पुस्तक कस्टम अधिकारी को कब मिली ? 1

(क) परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर

(ख) सालगिरह के अवसर पर

(ग) अच्छे ढंग से काम करने पर

(घ) लाहौर जाने पर

**35.** सफ़िया नमक किसके लिए ले जा रही थी ? 1

(क) अपने भाई के लिए

(ख) भाभी के लिए

(ग) सिख बीबी के लिए

(घ) अपने घर के लिए

**36.** पुड़िया में क्या था ? 1

(क) नमक (ख) चीनी

(ग) धूल (घ) चूरण

**37.** किसी भी माध्यमों के लेखन के लिए किसे ध्यान में रखना होता है ? 1

(क) माध्यमों को (ख) लेखक को

(ग) जनता को (घ) बाजार को

**38.** नाटक का महत्त्वपूर्ण अंग कौन-सा है ? 1

(क) कथ्य (ख) चरित्र-चित्रण

(ग) संवाद (घ) देशकाल

**39.** समाचार लेखन के कितने ककार आवश्यक हैं ? 1

(क) पाँच (ख) छह

(ग) चार (घ) सात

**40.** आधुनिक माध्यमों में सबसे पुराना माध्यम है : 1

(क) अखबार (ख) रेडियो

(ग) टेलीविजन (घ) सिनेमा